# मुजफ्फरनगर-हरिद्वार गंगा एक्सप्रेस-वे से जुड़ेंगे

**प्रस्ताव**

**मुजफ्फरनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** अब वह दिन दूर नहीं जब मुजफ्फरनगर और हरिद्वार गंगा एक्सप्रेस-वे से जुड़ जाएंगे। उप्र के कौशल विकास मंत्री कपिलदेव अग्रवाल की मांग पर सीएम योगी ने गंगा एक्सप्रेस वे को मुजफ्फरनगर व हरिद्वार तक जोड़ने के लिए सर्वे की सहमति दे दी है।

बुधवार को महाकुम्भ 2025 त्रिवेणी तट पर कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी में बेहतर



राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल।

कनेक्टिविटी के लिए बड़े फैसले लिए हैं। प्रदेश के कौशल विकास मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मेरठ से प्रयागराज की ओर बनने वाले गंगा

- महाकुम्भ 2025 त्रिवेणी तट पर हुई कैबिनेट की बैठक में मंत्री कपिलदेव ने रखी मांग
- मुख्यमंत्री योगी ने दी सर्वे की सहमति, यूपी में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए बड़े फैसले

एक्सप्रेस वे को मुजफ्फरनगर व हरिद्वार से जोड़ने की मांग की, जिस पर सीएम ने सर्वे किये जाने की सहमति दे दी है। इस संबंध में उन्होंने उत्तराखंड सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से भी दूरभाष के माध्यम से वार्ता की है। उन्होंने कहा कि यदि मुजफ्फरनगर व हरिद्वार तक ये एक्सप्रेस वे आ जाता है तो आवगमन सुगम हो जाएगा तथा यात्रा में लगने वाला समय भी कम हो जायेगा। उधर कैबिनेट के विशेष बैठक में सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा एक्सप्रेसवे के माध्यम से कनेक्टिविटी नेटवर्क विकास और क्षेत्र में औद्योगिक परियोजनाओं का विकास हो रहा है। वर्तमान में प्रदेश के पश्चिमांचल, मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र एक्सप्रेसवे से आच्छादित है।